हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए


www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–116 : जौनपुर, मंगलवार 03 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## शिक्षक भर्ती के लिए सीएम योगी ने दिया एकीकृत आयोग के गठन का निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश में शैक्षिक संस्थानों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत पांच–साढ़े पांच वर्ष की अवधि में प्रदेश में संचालित विभिन्न चयन आयोगों की कार्यप्रणाली में शासन स्तर से अनावश्यक हस्तक्षेप न होने से आयोगों की कार्यप्रणाली में शुचिता और पारदर्शिता आई है। मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो रहा है। प्रदेश में आये इस बदलाव का सीधा लाभ युवाओं को मिल रहा है। प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक, उच्च और तकनीकी शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग–अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग संचालित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी चयन की व्यवस्था लागू है। नीतिगत सुधारों के क्रम में भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन आयोगों को एकीकृत स्वरूप दिया जाना उचित होगा। शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन किया जाना चाहिए। शिक्षकों के समयबद्ध चयन, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में आयोग उपयोगी सिद्ध होगा। उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशाषी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। आयोग द्वारा बेसिक, माध्यमिक अथवा उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत लागू किया जाएगा। अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाएगी। उक्त बिंदुओं के अनुरूप



नए आयोग के स्वरूप, अध्यक्ष व सदस्यों की अर्हता, आयोग की शक्तियों और कार्यों के संबंध में रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। प्रदेश 60, 70, 80 वर्ष अथवा और अधिक पुराने बहुत से माध्यमिक विद्यालय हैं। प्रदेश के शैक्षिक माहौल को समृद्ध करने में इन संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य सरकार से सहायता प्राप्त इन माध्यमिक विद्यालयों में आज अवस्थापना सुविधाओं के विकास की आवश्यकता है। ऐसे में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के व्यापक हित को देखते हुए प्रबंध तंत्र की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं ध्यान रखते हुए इन विद्यालयों के लिए एक बेहतर कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन भी इसी नए आयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि टीईटी समय पर हो। संस्कृत विद्यालयों का उन्नयन राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। संस्कृत विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ–साथ अध्ययनरत विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए छात्रवृत्ति भी दी जानी चाहिए। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत करें।

## शहरी क्षेत्रों में 3000 वर्ग मीटर भूमि होने पर ही खोल सकेंगे निजी स्कूल

लखनऊ ब्यूरो : यूपी बोर्ड से निजी स्कूलों को मान्यता अब आसानी से नहीं मिलेगी। इसके लिए प्रस्तावित नए मानकों व शर्तों को शासन ने मंजूरी दे दी है। शासन ने यह मंजूरी बोर्ड द्वारा नए नियमों को लेकर आए सुझावों व आपत्तियों का औचित्य न होने की बात कहते हुए खारिज करने के बाद दी है। नई शर्तों के तहत अब शहरी क्षेत्र में विद्यालय खोलने के लिए 3000 वर्ग मीटर जमीन जरूरी होगी, जो कि पहले 650 वर्ग मीटर ही थी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में 6000 वर्ग मीटर जमीन जरूरी होगी, जोकि पहले 2000 वर्ग मीटर थी। इसके अलावा धरोहर राशि में भी कई गुना बढ़ोतरी की गई है। साथ ही स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर क्लास व विभिन्न संसाधन होना भी जरूरी किया गया है। प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार ये बदलाव यानी न्यूनतम मानक राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए निर्धारित हो रहे हैं। इसीलिए वित्तविहीन विद्यालयों को मान्यता देने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद के विनियमों में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। शासन ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के सभापति व सचिव को निर्देश दिए हैं इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम–1921 की धारा–16(2) में व्यवस्था के अनुसार मानकों, शर्तों की अधिसूचना गजट में प्रकाशित की जाए। हाईस्कूल की नवीन मान्यता के लिए ये हैं प्रमुख अनिवार्य शर्तें समिति / ट्रस्ट / कंपनी अधिनियम–2013 के अध्याय 8 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी (नॉट फॉर प्रॉफिट) का पंजीकृत व यथा स्थिति नवीनीकृत होना अनिवार्य होगा। प्राभूत (जमानत) कोष के रूप में पांच लाख रुपये केवल विद्यालय के नाम जमा व निरीक्षण अधिकारी के पदनाम में बंधक होंगे। पहले प्राभूत कोष के लिए 15 हजार रुपये राशि निर्धारित थी। सुरक्षित कोष के रूप में डेढ़ लाख रुपये जमा होंगे, जबकि पहले मात्र 3000 रुपये जमा करना अनिवार्य था। ऑडियो वीडियो प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन की एलईडी टीवी की व्यवस्था स्मार्ट क्लास में व कंप्यूटर कक्ष में




25 कंप्यूटर की व्यवस्था करनी होगी। शहरी क्षेत्र की कुल 3000 वर्म मीटर विद्यालय भूमि में 1000 वर्ग मीटर और ग्रामीण क्षेत्र की 6000 वर्ग मीटर भूमि में 2000 वर्ग मीटर भूमि का क्रीड़ास्थल होगा। क्रीड़ा स्थल में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, खो–खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, ओपेन जिम्नेजियम व अन्य आउटडोर गेम्स के साथ इनडोर गेम्स व शारीरिक सौष्ठव की पर्याप्त व्यवस्था होगी। पहले ऐसी मान्यता की शर्त नहीं थी। छात्र संख्या के अनुरूप एक वर्ग मीटर की दर से प्रत्येक छात्र, छात्रा के लिए कुर्सी, मेज, डेस्क बेंच की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही प्रयोगशाला के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। पहले की शर्त में जूनियर कक्षाओं केसाथ 200 सेट सज्जा होना अनिवार्य था। स्वच्छ पेयजल, शौचालय आदि की पर्याप्त व्यवस्था, छात्र, छात्राओं व दिव्यांगजन की सुविधा के अनुसार करने की विस्तृत शर्तें होंगी। पहले सिर्फ समुचित व्यवस्था की शर्त थी। पुस्तकालय में वृहद पाठ्य सामग्री रखनी होगी। शिक्षण सामग्री की विस्तृत व्यवस्था करनी होगी। संस्था में शिक्षकों, कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए बायोमीट्रिक मशीन, वायस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन, वाई–फाई के साथ ही विद्यालय की वेबसाइट जरूरी होगी। विद्यालय भवन सुरक्षा मानकों पर हो और वहां विद्युत, सौर ऊर्जा के साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग व जल–मल निकासी की व्यवस्था होगी। इंटरमीडिएट के लिए कुछ अतिरिक्ति शर्तें पूरी करनी होंगी नए विद्यालय की मान्यता के लिए हाईस्कूल की अनिवार्य शर्तें पूरी करने के बाद इंटरमीडिएट के संचालन के लिए कुछ अन्य शर्तें भी पूरी करनी होंगी। इसके तहत दो लाख रुपये प्राभूत कोष व सुरक्षित कोष के लिए एक लाख रुपये अतिरिक्त जमा करने होंगे।

## सावित्रीबाई फुले तथा ज्योतिबा राव फुले को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिलाए जानें की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल एस पार्टी द्वारा जिला कार्यालय पर देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 191 वीं जयंती विशेष हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने उनके महान सामाजिक योगदानों को याद किया।राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि जीवन को एक मिशन बनाकर उद्देश्य पूर्ण तरीके से विधवा विवाह,छुआछूत,नारी उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव मिटाने के लिए अनेकों अपमान सहकर समाज को विभिन्न प्रकार की बुराइयों से मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मांग किया कि देश के प्रधानमंत्री से सावित्रीबाई फुले तथा ज्योतिबा राव फुले को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिलाएं। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले का माली जाति में पैदा होना दुर्भाग्यपूर्ण रहा यदि वह किसी बड़ी संख्या वाली जाति में पैदा हुई होती तो आज उन्हें भारत रत्न से कब का नवाजा गया होता। कम संख्या वाली जातियों के



महापुरुषों के साथ सदैव भेदभाव का बर्ताव किया गया।उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग किया कि 3 जनवरी को प्रदेश में शिक्षक उत्सव दिवस के रूप में घोषित करें।प्रदेश के प्रत्येक जिले के हर विकासखंड क्षेत्र में कम से कम एक बालिका विद्यालय सावित्रीबाई फुले के नाम से हो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार माली व संचालन प्रमोद कुमार माली ने किया।इस अवसर पर रामलोचन माली, लोटन राम माली ,छेदीलाल माली ,संजय माली, विनोद माली , राकेश पाल कोलकाता, घनश्याम माली, अनिल जायसवाल ,मनोज पटेल संजय निषाद,राकेश प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

## गरीब मरीजों की मदद करना बहुत ही पुनीत कार्य है –सिटी मजिस्ट्रेट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा केंद्रीय कार्यालय जज कॉलोनी जौनपुर में टी.बी .मरीजों को पौष्टिक आहार किट वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने कहा कि समाज में सक्षम लोगों को आगे आकर इन टी. बी. पेशेंट बीमार लोगों की मदद करनी चाहिए। गरीब मरीजों की मदद यह बहुत ही पुनीत कार्य है। समय रहते अगर इसका इलाज पूर्ण कराया जाए तो टी. बी. रोग पूरी तरह समाप्त हो सकता है । टी.बी. पीढ़ी दर पीढ़ी फैलने वाला रोग नहीं है बल्कि यह हवा के जरिए फैलने वाला एक संक्रामक रोग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ दिलीप सिंह ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को 2 सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी हो तो उसे टीवी हो सकती है। टीवी के लिए अपने बलगम की जांच नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र डीएमसी में करवाएं यह जांच पूरी तरह



निशुल्क की जाती है। समाजसेवी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति ने कहा कि टी .बी. को जड़ से खत्म करने के लिए उसका उपचार पूरा करें। समाजसेवी प्रधानध्यापक सुभाष सरोज ने कहा कि कुछ निर्धन गरीब टीवी पेशेंट हैं लेकिन उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि सरकार पूरी तरह उनके इलाज में खड़ी है। उक्त अवसर पर अजीत कुमार चौहान इंद्रजीत सूरज मौर्य ज्योति राजभर श्याम प्यारी मनीष सोनी ठाकुर प्रसाद राय अतुल श्रीवास्तव सुभाष चौधरी रंजना शुक्ला सुरेश शुक्ला अमरेश पांडेय इत्यादि लोगों का सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## फसलों को कीड़ों एवं बीमारियों से बचायें

जौनपुर (सू0वि0) : जिला कृषि रक्षा अधिकारी के0के0 सिंह ने जनपद के किसान भाइयों को सलाह दी है कि वर्तमान समय में कोहरा / पाला के कारण फसलों में लगने वाले कीटों / रोगों यथा झुलसा, बुकनी तथा गेहूँ में खरपतवार के नियन्त्रण हेतु फसलों की सतत निगरानी करते हुये निम्नलिखित विवरण के अनुसार बचाव कार्य करें। आलू में अगेती एवं पिछेती झुलसा से बचाव हेतु मैंकोजेब 75 प्रतिशत घु०चू० अथवा जिनेब 75 प्रतिशत घु०चू० 2 से 2.5 कि०ग्रा० प्रति हे0 की दर से 800 लीटर पानी में घोल बनाकर 10 दिन के अंतराल पर 2 से 3 छिड़काव करें। इस रोग में पत्तियों किनारे से जलना शुरू होती है और धीरे–धीरे समूची फसल जल कर नष्ट हो जाती है। मटर की फसल में बुकनी रोग से बचाव हेतु वेटेबुल सल्फर 80 प्रतिशत घु०चू0 3 कि०ग्रा० या कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत घु०चू0 1 कि०ग्रा० प्रति हे0 की दर से 600 लीटर पानी में घोल बनाकर 10 दिन के अंतराल पर 2 से 3 छिड़काव करें। इस रोग में पत्तियों, फलियों एवं तने पर सफेद चूर्ण जमा हुआ दिखाई देता है, बाद में पत्तियां भूरी या काली होकर सूख जाती है। सरसों की फसल में झुलसा रोग से बचाव हेतु जिनेब 75 प्रतिशत घु०चू० 2 से 2.5 कि०ग्रा० प्रति हे0 की दर से 800 लीटर पानी में घोल बनाकर 10 दिन के अंतराल पर 2 से 3 छिड़काव करें। सरसों की फसल में झुलसा रोग में पत्तियों पर भूरे एवं काले छल्ले आँख के आकार के दिखाई पड़ते है। सरसों की फसल



में माहूँ कीट से बचाव हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत ई०सी० 250 मि०ली० अथवा मोनोक्रोटोफॉस 36 प्रतिशत ई०सी० 1 लीटर या डाइमेथोएट 30 प्रतिशत ई०सी० 1.5 लीटर प्रति हे0 की दर से 800 से 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर 1 से 2 छिड़काव करें। गेहूँ की फसल में खरपतवार के नियन्त्रण हेतु सल्फोसल्फ्यूरान और मेटसल्फ्यूरान एक यूनिट (पैकेट) या सल्फोसल्फ्यूरान 75 प्रतिशत एक यूनिट (पैकेट) को 200–250 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। गेहूँ की फसल में यदि केवल चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार हों तो उनके नियन्त्रण हेतु 2.4 डी सोडियम साल्ट 80 प्रतिशत 625 ग्राव प्रति हे0 की दर से 600–700 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## परेशान किसानों ने छुट्टा पशुओं को पकड़कर खाली पड़े प्लाट में किया बंद

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : छुट्टा जानवरों ने किसानों की रातों की नींद और दिन का चौन उड़ा रखा है। फसल बचाने के लिए कड़ाके की ठंड में उन्हें रात भर जागकर खेतों पर रखवाली करनी पड़ रही है। तय समय बीत जाने के बाद मंगलवार सुबह किसानों का गुस्सा



फूटा और दर्जनों बेसहारा अन्ना पशुओं को घेर कर कृषि रक्षा इकाई के सामने खाली पड़े प्लाट के अंदर बंद कर दिया। शुक्रवार को दर्जनों किसानों ने ईओ को ज्ञापन देकर 48 घंटे के अंदर छुट्टा जानवरों को गौशाला भेजने की मांग की थी। कस्बे में चारों ओर छुट्टा पशुओं का आतंक है। किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए दिन–रात जद्दोजहद करनी पड़ रही है। उन्होंने बीते शुक्रवार को नगर पंचायत ईओ को ज्ञापन देकर 48 घंटे में छुट्टा जानवरों से निजात दिलाने की मांग थी। तय समय बीत जाने के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला। इसके बाद लगातार हो रहे नुकसान पर मंगलवार सुबह किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह से ही दर्जनों की संख्या में किसान लाठी–डंडे लेकर घर से निकल पड़े। उन्होंने जहाँ भी छुट्टा पशु नजर आये उन्हें खदेड़कर कृषि रक्षा इकाई के सामने खाली प्लाट के अंदर दर्जनों की संख्या में अन्ना पशुओं को बंद कर दिया। करीब तीन घंटा बीत जाने के बाद भी कोई सुनवायी ना होने पर किसानों ने जानवरों को नगर पंचायत के अंदर बंद करने का निर्णय लिया। जिसकी भनक लगते ही नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रकाश चन्द्र गोपालन और पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ धर्मेन्द्र वर्मा आनन फानन में मौके पर पहुँच गये और किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद छुट्टा जानवरों को गौशाला भेजा गया। ईओ प्रकाश चंद्र गोपालन ने बताया कि जो आसपास गौशालाएं हैं वे सभी अन्ना पशुओं से फुल है। इसलिए अन्य छुट्टा पशुओं के लिए दिक्कत आ रही है। कई दिनों से पंचायत कर्मियों की मदद से करीब 70 से 80 जानवरों को अगल–अलग गौशालाओं में भेजा गया है,साथ ही नगर पंचायत कर्मी लगातार कई दिनों से छुट्टा जानवरों को पकड़ कर गौशाला भेजने का कार्य कर रहे है।

## एंबुलेंस में ही कराया गया सुरक्षित प्रसव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गाड़ी संख्या UP 32 EG 4920 के म्डज अंकित कुमार चालक हिमांशु ने एंबुलेंस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया । काकोरी ब्लॉक के ईट गांव से मालती ने 108 एंबुलेंस पर फोन किया जिसकी सूचना मिलने पर एंबुलेंस बेहटा से ईट गांव पहुंची और मरीज को चिकित्सालय लेकर जाते समय गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा तेज होने पर एंबुलेंस को रास्ते मे रोककर ईएमटी अंकित कुमार के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया। जहाँ गर्भवती महिला रोशनी देवी ने पुत्र को जन्म दिया। जच्चा– बच्चा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने दोनो को सुरक्षित बताया।

## लक्ष्य वेलफेयर सोसायटी ने बच्चों के साथ मनाया नया साल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लक्ष्य वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से नया साल बच्चों के साथ मनाया गया। सचिव नीलम मिश्रा,



पूजा सिन्हा व अन्य बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम करके मनोरंजन किया। उन बच्चों को छोटे छोटे उपहार भी दिए गए संदर्भ मिश्रा, विदर्भ मिश्रा, संध्या दिव्या, दिव्यांशी , मंजू, दीपा नीरज ,शिवा ,वारिस, सिफा शिवांश, दिशा पांडे अन्य बच्चे मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अगर चाहते हो कि खुदा मिले, तो वही करो जिससे दुआ मिले।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# जब एक किसान ने रोका था तीसरा विश्वयुद्ध

यह स्पष्ट है कि यह नाटो और पोलैंड के कुछ नेताओं की मिलीभगत से यूक्रेन द्वारा पोलैंड पर जानबूझकर किया गया मिसाइल हमला था।

वर्ष 2022 में तीसरे विश्वयुद्ध का बिगुल लगभग बज ही गया था। घटना बीते 15 नवंबर की है, जिस दिन दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की अग्नि में झुलसने से बच गई थी। एक यूक्रेनी एस–300 वायु रक्षा मिसाइल ने यूक्रेन और बेलारूस की सीमा के पास 413 लोगों की आबादी वाले पोलैंड के प्रेजवोडो गांव में एक खेत पर हमला किया। इस हमले में पोलैंड के दो किसानों की मलबे में दबकर मौत हो गई थी। पश्चिमी मीडिया, पश्चिमी सरकारों और नाटो ने इस आक्रमण को रूस द्वारा पोलैंड पर आक्रमण के रूप में पेश किया। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने नाटो के चार्टर के अनुच्छेद पांच को लागू करने के लिए तत्काल आपात बैठक की मांग कर दी। नाटो का यह अनुच्छेद नाटो सदस्यों को गैर– नाटो देशों द्वारा आक्रमण किए गए किसी भी देश में सैन्य समर्थन और युद्ध में सम्मिलित होने के लिए बाध्य करता है। इस दृष्टिकोण से, नाटो देशों को रूस के विरुद्ध लामबंद होकर उस पर आक्रमण करने के लिए तैयार होना था।

पोलैंड के एक किसान ने, जो इस आक्रमण का प्रत्यक्षदर्शी था, इंटरनेट पर हमले के फोटो और वीडियो पोस्ट कर दिए, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि जिस मलबे में दबकर दो किसानों की मौत हुई थी, वह 1980 के दशक के प्रारंभ में निर्मित सोवियत संघ की एक एस–300 वायु रक्षा मिसाइल थी, जिससे स्वयं यूक्रेनी सेना ने ही पोलैंड के प्रेजवोडो पर आक्रमण किया था। अब प्रश्न यह उठता है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की और उनकी टीम इस सीमा तक कैसे जा सकती है? एक आक्रमण की घटना पैदा कर कोई ऐसा झूठ गढ़ दे, जो मानवता को एक विश्वयुद्ध की ज्वाला में धकेल दे? प्रश्न परेशान कर देने वाला है कि एक झूठ किस तरह संपूर्ण विश्व को विनाश की राह पर ला सकता है!

प्रेजवोडो यूक्रेन में लवीव के समान देशांतर और कीव यूक्रेन के समान अक्षांश पर स्थित है। कुछ लोगों का मानना है कि रूस ने जानबूझकर मिसाइल के लक्ष्य प्रोग्रामिंग में त्रुटि की थी। प्रेजवोडो एक डिपो का स्थान भी है, जो अत्याधिक ज्वलनशील अमोनियम नाइट्रेट उर्वरक का काफी बड़ी मात्रा में भंडार करता है। अगर यूक्रेनी मिसाइल ने इस डिपो पर हमला किया होता, तो 413 लोगों का पूरा गांव बिना किसी निशान के खत्म हो गया होता। प्रेजवोडो लवीव के पश्चिम में स्थित है, जबकि रूसी मिसाइल के आक्रमण पूर्व से होते हैं। इससे यह प्रश्न पैदा होता है कि एस–300 मिसाइलें पूर्व से आने वाली रूसी मिसाइल से दूर पश्चिम की ओर क्यों जा रही थीं, अगर वे इसे मार गिराने की कोशिश कर रहे थे?

यह स्पष्ट है कि यह नाटो और पोलैंड के कुछ नेताओं की मिलीभगत से यूक्रेन द्वारा पोलैंड पर जानबूझकर किया गया मिसाइल हमला था। यही कारण है कि जब अमेरिकी सरकार, पेंटागन और कई विशेषज्ञों ने कहा कि यह एक यूक्रेनी मिसाइल थी, तो यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की और पोलैंड के राष्ट्रपति और उनके मंत्री इस बात पर जोर दे रहे थे कि यह पोलैंड पर रूसी हमला था। कोई यह सोचकर ही कांप सकता है कि पश्चिम ऐसे पागल लोगों का समर्थन कर रहा है, जो किसी तरह तीसरे विश्वयुद्ध को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है, जब जेलेंस्की के नेतृत्व में यूक्रेन ने झूठ गढ़ा हो, ताकि पश्चिम को सीधे रूस–यूक्रेन युद्ध में सम्मिलित किया जा सके, भले ही इसका अर्थ विश्वयुद्ध का वातावरण तैयार करना हो।

कुछ भी हो, रूस–यूक्रेन संघर्ष से निकल कर सबसे रोचक एक 'प्रेम कहानी'–सी घटना यह उभर कर आती है कि पोलैंड के एक आलू किसान ने एक संभावित विश्वयुद्ध को रोक दिया। युद्ध की हानि का गणित प्रायः सामाजिक–आर्थिक हानियों तक सीमित रहता है। लंबे समय से अनवरत जारी युद्ध में जीवन, संपत्ति और पारिस्थितिकी की अकूत हानि केवल इन दो देशों तक ही सीमित नहीं है। अगर कोई युद्ध लंबे समय तक चलता है, तो उसका नकारात्मक सार्वभौमिक प्रभाव अवश्यंभावी है। पारिस्थितिक विनाश, पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, और जलवायु परिवर्तन किसी युद्ध के ऐसे दुष्प्रभाव हैं, जिन पर कदाचित ही ध्यान दिया जाता है। सार्वजानिक जीवन में और मीडिया में युद्ध के इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं होती। युद्ध से होने वाले ये ऐसे दूरगामी दुष्परिणाम हैं, जिनकी कोई भरपाई नहीं की जा सकती।

अब समय आ गया है कि पश्चिम इस बात पर जोर दे कि यूक्रेन बैठ जाए और युद्ध की आग को भड़काने, यूक्रेन को नष्ट करने और बहादुर लेकिन, असहाय यूक्रेनी लोगों को कंगाल करने के बजाय शांति समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार हो जाए। वर्ष 2022 बीतते–बीतते रूस और यूक्रेन युद्ध से बुरी तरह ऊब गए हैं। अगर इस युद्ध में किसी ने अपनी संपूर्ण प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिला दिया है, तो वह हैं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने इसमें मनोवैज्ञानिक स्तर पर कुछ नहीं खोया। ताबड़तोड़ रूसी हमलों के बाद दुनिया यूक्रेन के दिन गिनने लगी थी, और पुतिन तो मूंछें न होते हुए भी अपनी मूंछों पर ताव देने लगे थे। लेकिन अब उनकी मनोवैज्ञानिक हार हो चुकी है और उनके हाव–भाव देखकर लगता है, जैसे उन्होंने भी अपनी हार स्वीकार कर ली है।

उधर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद कर रहे हैं, इस संभावना के साथ कि अगर इस विनाशक युद्ध को कोई विराम दे सकता है, तो वह है भारत। जेलेंस्की जैसा ही अब सारी दुनिया भी सोच रही है। भारत को इन दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए सार्थक पहल करनी भी चाहिए। अगर भारत ऐसा कर सका, तो यह भारत की सबसे बड़ी वैश्विक कूटनीतिक जीत होगी। ऐसा करने पर तनाव पैदा करने वाले पड़ोसी देशों पर भारत की मनोवैज्ञानिक विजय होगी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की शक्ति और प्रतिष्ठा बढ़ेगी, और भारत की एक और यशगाथा दुनिया में गाई जाएगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की भेंट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद ने आज लोकभवन में मुख्यमंत्री पूज्य महाराज योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हुई। श्री निषाद ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि निषाद पार्टी का 10संकल्प दिवस कार्यक्रम 13 जनवरी को गुरू गोरक्षनाथ जी पावन पवित्र भूमि पर प्रस्तावित है। मा० मुख्यमंत्री जी को निषाद पार्टी के 10वें संकल्प दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि स्वरूप शिकरत करने का आमंत्रण देने गए थे और मा० मुख्यमंत्री जी कार्यक्रम की सफल होने की शुभकामनाएं के साथ ही कार्यक्रम में शिरकत करने की स्वीकृति भी प्रदान की है, साथ ही निषाद राज जयंती को भव्य एवं विशाल बनाने के लिए भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। श्री निषाद ने बताया कि स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभू श्री राम जी के आत्मबल सखा महाराजा गुह्य राज निषाद जी की मिलन स्थली व अद्भुत किले श्रृंगवेरपुर धाम को पर्यटक स्थल घोषित करने पर साथ ही भगवान



श्रीराम एवं महाराज गुह्य राज जी की गले लगी मूर्ति लगवाने को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। श्री निषाद ने निषाद पार्टी गठबंधन को उत्तर प्रदेश सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों एवं निगम/बोर्ड में कार्यकर्ताओ के समाहित करने की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। उत्तरप्रदेश सरकारी आवास संघ के निदेशक राम ललित चौधरी भी मौजूद रहे।

## सूकरखेत में रामायण मेला का आयोजन आज से : मुख्य स्नान पर्व होगा कल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय परसपुर–गोण्डा। लघु प्रयाग की मान्यता से विख्यात सूकरखेत का मेला व स्नान पर्व गुरुवार 6 जनवरी को हो रहा है। सदियों से विख्यात इस पुण्य भूमि में तुलसी जन्मभूमि न्यास एवं सनातन धर्म परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय रामायण मेला एवं सूकरखेत महोत्सव का आयोजन 5 से 6 जनवरी तक घाघरा–सरयू व टेढ़ी नदी के त्रिमुहानी–संगम पर स्थित पसका स्थित सूकरखेत में आयोजित किया जा रहा है। परिषद के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी भगवताचार्य ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर श्रीरामचरितमानस का पाठ, भगवन्नाम संकीर्तन एवं भजन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसके पूर्व पौष शुक्ल एकादशी 2 जनवरी प्रातः 7 बजे से सूकरखेत परिक्रमा के अन्तर्गत वाराह भगवान मंदिर, गुरु नरहरिदास आश्रम, वाराही देवी मंदिर और तुलसी जन्मभूमि तुलसीधाम राजापुर होते हुए 5 कोसी सूकरखेत परिक्रमा की गयी।



सूकरखेत महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ 5 जनवरी को सायं 5 बजे पुण्य सलिला सरयू की आरती से होगा। सायं 6 बजे रामायण मेला का प्रारंभ होगा। 6 जनवरी को मुख्य स्नान पर्व के दिन सायं 4 बजे रामायण मेला का समापन होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय समाजसेवियों के सहयोग से भण्डारें का भी आयोजन किया जा रहा है।

## प्रांतीय अध्यक्षों का कद भी तय करेगी भारत जोड़ो यात्रा : अयोध्या के संतों को भी किया गया आमंत्रित

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा यहां के प्रांतीय अध्यक्षों का कद भी तय करेगी। हर प्रांतीय अध्यक्ष के प्रभार वाले जिलों को ज्यादा से ज्यादा संख्याबल जुटाने को कहा गया है। संख्याबल से ही तय होगा कि कौन, कितना जनता के बीच प्रभावी है। हाईकमान इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है। पार्टी नेताओं का दावा है कि हर जिले से बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल होने के लिए रवाना हो चुके हैं। भारत जोड़ो यात्रा गाजियाबाद से यूपी में प्रवेश कर चुकी है। यह यात्रा पश्चिम के ही कुछ जिलों से गुजरेगी, लेकिन पूरे प्रदेश से लोगों को बुलाया गया है। कांग्रेसजनों के अलावा प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं और छोटे दलों के प्रतिनिधियों को भी यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया गया है। कांग्रेस का प्रयास है कि यात्रा के जरिए अपनी ताकत दिखाने के साथ ही विपक्षी एकता का अवसर भी इसे बनाया जाए। अयोध्या के साधु–संतों को भी न्योता पार्टी प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा में शामिल होने के लिए अयोध्या के साधु–संतों और महंतों को पार्टी ने निमंत्रण भेजा गया है। संतों से मुलाकात करके भी उनसे यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया गया। काफी संख्या में साधु–संत यात्रा



में शामिल होने जाएंगे भी। नए साल पर सरकार का तोहफा है मूल्य वृद्धि : प्रमोद तिवारी कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी ने नए साल पर देशवासियों को कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की कीमत में 25 रुपये की वृद्धि का तोहफा दिया है। मोदी सरकार आम आदमी की जेब पर डाका डालकर अदाणी और अंबानी की तिजोरी भर रही है। पीएम ने प्रति वर्ष दो करोड़ युवकों को रोजगार देने का वादा किया लेकिन तमाम संस्थान कौड़ियों के दाम बेच दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पांचवें मंत्री हैं, जिन पर यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। भारत जोड़ो यात्रा गीत जारी कांग्रेस ने यूपी के लिए भारत जोड़ो यात्रा गीत जारी किया है। गीत में नफरत से दूर रहने और संविधान की रक्षा का आह्वान किया गया है। नववर्ष को लेकर उम्मीदें भी जगाई गई हैं।

## गिरफ्तार पत्रकार सिद्दीक कप्पन को एक–एक लाख की दो जमानतें दाखिल करने का आदेश

लखनऊ ब्यूरो : हाथरस में हिंसा फैलाने जाते समय गिरफ्तार पत्रकार सिद्दीक कप्पन की ओर से हाईकोर्ट के आदेश की सत्यप्रति के साथ जमानत राशि तय करने की मांग वाली अर्जी कोर्ट में दी गई। ईडी के विशेष न्यायाधीश संजय शंकर पांडेय ने कप्पन को एक–एक लाख रुपये की दो जमानतें और इसी धनराशि का व्यक्तिगत मुचलका दाखिल करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि हवाला से धन प्राप्त करके देश विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल करने समेत अन्य आरोपों में ईडी ने हाथरस कांड के दौरान गिरफ्तार पत्रकार कप्पन के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में लिया था। इससे पूर्व आरोपी की ओर से पीएमएलए कोर्ट में जमानत अर्जी दी गई थी। इसे कोर्ट ने 31



अक्तूबर को खारिज कर दिया था। इसके बाद उसे हाईकोर्ट से 23 दिसंबर को जमानत मिल गई थी।

## 2 जनवरी 1954 को घोषित हुआ भारत रत्न सम्मान : इसी तिथि को मनाया गया भारत रत्न सम्मान दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अटल विश्व बंधुत्वेश्वरम मंदिर निर्माण के दीपोत्सव यात्रा नमो बुद्धाय बिना युद्धाय मे 2 जनवरी 2023 को भारत रत्न सम्मान दिवस भरत भारत भगीरथ के दीप प्रज्ज्वलित करके दिल्ली हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड गुजरात मे अटल जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव द्विवेदी मानस पुत्र अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व मे मनाया गया ।भगवान श्रीकृष्ण ने गीता मे कहा वृक्षो मे पीपल मै हूं भगवान बुद्ध ने कृष्ण की वाणी को पीपल के वृक्ष के नीचे तपस्या की ।पीपल के पत्ते को भारत रत्न के रूप मे अंगीकार किया तत्कालीन राष्ट्राध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जी गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल व पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया और सनातन धर्म को प्रमुखता दी भगवद्गीता को सर्वोदय सम्वाद दिया ।गुजरात मे मस्त गिरी जी हिमाचल प्रदेश मे शोभानंद महामण्डलेश्वर ने दिल्ली मे बाल कृष्ण मिश्र राखी सिंह उत्तराखंड मे सोनिया भारद्वाज किन्नर ममता किन्नर अयोध्या से करिश्मा किन्नर आदि ने भारतरत्न सम्मान दिवस भरत भारत भगीरथ के दीप प्रज्ज्वलित किए।



## राज्य स्तरीय निगरानी समिति उ0प्र0 सदस्य पूजा बाल्मिकी ने नगर पालिकाओं का निरीक्षण कर योजनाओं की किया समीक्षा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति उ0प्र0 की सदस्य पूजा बाल्मीकी ने आज नगर पालिका परिषद शाहाबाद, नगर पालिका परिषद पिहानी, नगर पालिका परिषद साण्डी, नगर पालिका परिषद बिलग्राम,नगर पालिका परिषद कछौना पतसेनी का निरीक्षण कर सवच्छकारों के पुनर्वास के लिए निर्देशित किया ।राज्य निगरानी समिति उ. प्र. की सदस्य पूजा बाल्मिकी ने बताया कि आउट सोर्सिंग से लगे सफाई कर्मियों को एस आई कार्ड प्रदान उन्हें 05 लाख का बीमा कवरेज प्रदान किया जा रहा है ।शहाबाद नगर पालिका के सफाई ठेकेदार पवन रस्तोगी को नगर पालिका परिषद, शाहाबाद द्वारा नोटिस देने के बाबजूद सफाई कर्मियों को बकाया ई पी एफ का भुगतान नहीं किया गया है ।जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजकर संबंधित व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी ।समीक्षा बैठक में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दीपक कुमार को पूर्व में हटाए गए 29 लोगों को पुनः कार्य पर रखने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद संडीला के अधिशासी अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष के साथ (एम0एस0 एक्ट–2013) के अन्तर्गत जनपद मे चयनित स्वच्छकारों के पुर्नवास रोजगार हेतु चलायी जा रही योजनाओं एवं समस्त सफाई कर्मचारियों के शासन द्वारा निर्धारित वेतन भत्तें आउटसोर्सिग कर्मचारियों का मानदेय ई0एस0आई कार्ड, ई0पी0एफ0



कटौती, उपकरण किट, मेडिकल परीक्षण, मृतक आश्रित नियुक्ती के सम्बन्ध में एवं कर्मचारियों के पदोन्नती आदि के सम्बन्ध मे समीक्षा बैठक पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस हरदोई मे जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा गेस्ट हाउस हरदोई मे सम्मानित बाल्मीकी समाज के संगठन एवं सफाई मजदूर संगठनों के साथ स्वच्छकारों एवं वाल्मीकी समाज के लिए भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु चिन्तन बैठक की। सदस्या पूजा बाल्मिकी के निजी सचिव विपिन कुमार ने बताया कि 04 जनवरी को प्रातः 09 बजे नगर पालिका परिषद हरदोई के किसी एक वार्ड मे मलिन बस्ती का निरीक्षण करेगी, निरीक्षण में स्वच्छकार महिलाओं से डोर–टू–डोर वार्ता एवं पुर्नवास व अन्य उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी जैसे प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी, तथा महिला आउटसोर्सिग सफाई कर्मचारियों से वार्ता के लिए सम्बन्धित अधिकारी साथ मे उपस्थित रहेगें।

## संपन्न हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लक्सर हरिद्वार। आज दिनांक 3 जनवरी 2022 को परास्नातक डिग्री कॉलेज फेरूपुर राम खेड़ा के प्रांगण में जस्सी स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वाधान में जिला नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य तले जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। के अंतर्गत 800 मीटर 400 मीटर तथा लंबी कूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। टीम गेम में कबड्डी, वालीबॉल खेल का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पीजी डिग्री कॉलेज फेरूपुर राम खेड़ा के प्रबंधक श्री जगपाल सिंह सैनी ने किया। आपने इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेल के अनुशासन का पाठ पढ़ाया। दौड़ में 800 मीटर बालक वर्ग में चाणक्य ने प्रथम स्थान द्वितीय स्थान अफजल ने तथा तृतीय स्थान अर्जुन ने प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में आलोक ने प्रथम स्थान द्वितीय स्थान प्रभात ने तृतीय स्थान मयंक ने प्राप्त किया। 400 मीटर बालिका वर्ग में शिवानी ने प्रथम स्थान पिंकी ने द्वितीय स्थान तथा रचना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालिका वर्ग में तनु ने प्रथम स्थान पिंकी ने इसी स्थान तथा तृतीय स्थान मीनाक्षी ने प्राप्त किया।



वॉलीबॉल तथा कबड्डी की प्रतियोगिताएं लगातार जारी रही। इस अवसर पर जिला नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक श्री रविंद्र सिंह, जिला नेहरू युवा केंद्र के कोषाध्यक्ष श्री धर्म सिंह रावत ने मुख्य अतिथि को साल पहला कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मुख्य सहयोग दीपक सैनी, कुलदीप कुमार, विकास, अब्दुल रहमान, बुरहान अहमद, डॉ आलोक कुमार द्विवेदी, प्रियंका, कल्लू सिंह भावना का रहा।

## प्रयागराज जंक्शन पर पटरी से उत्तरा काशी एक्सप्रेस का कोच : रेल संचालन पर नहीं पड़ा असर

प्रयागराज ब्यूरो : गोरखपुर जा रही काशी एक्सप्रेस का एक कोच मंगलवार की सुबह पटरी से उतर गया। प्रयागराज जंक्शन पर सुबह 8:30 बजे के पास यह वाकया हुआ। गनीमत रही कि इस घटना से प्रयागराज जंक्शन पर रेल संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा ना ही किसी यात्री को कोई चोट लगी। काशी एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक से गोरखपुर के बीच चलती है। मंगलवार की सुबह तकरीबन 1 घंटे की देरी से ट्रेन जंक्शन 8:15 बजे के आसपास पहुंची थी। निर्धारित ठहराव के बाद ट्रेन जैसे ही गोरखपुर के लिए रवाना हुई तो प्लेटफार्म नंबर 9 पर इंजन के पीछे पावर वैगन जिसे जनरेटर कोच भी कहा जाता है उसके दो पहिए पटरी से उतर गए। पहिए के उतरते ही जंक्शन पर सायरन बजना शुरू हो गया। सूचना मिलते ही रेलवे के तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए। इसके बाद ट्रेन के कोच को वापस पटरी पर चढ़ाने का काम शुरू हुआ। 10:00 बजे तक कुछ



को पटरी पर चढ़ाया जा चुका था। इसके बाद ट्रेन वापस पर प्लेटफार्म नंबर 9 पर ली गई और उसका पावर वैगन काटा गया। इसके बाद ट्रेन में एक दूसरा कोच जोड़े जाने की कार्रवाई शुरू हुई दोपहर 12:00 बजे तक ट्रेन जंक्शन से रवाना नहीं हो सकी थी। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि हादसे की वजह से रेल संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। बता दें कि काशी एक्सप्रेस देश की लंबी दूरी की ट्रेनों में से एक है। यह तीन राज्यों से होकर गुजरती है। यह ट्रेन महाराष्ट्र के लोकमान्य तिलक से प्रारंभ होकर मध्य प्रदेश को पार करते हुए प्रयागराज जंक्शन होते हुए गोरखपुर तक जाती है।

# आयुष स्नातक की काउंसिलिंग सात से : 27 तक होंगे दाखिले : जारी किया गया कार्यक्रम

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के आयुष कॉलजों में स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग सात जनवरी से होगी। वहीं, पीजी की काउंसिलिंग पांच जनवरी से शुरू होगी। आयुर्वेदिक कॉलेजों में बीएएमएस, होम्योपैथिक कॉलेजों में बीएचएमएस और यूनानी कॉलेजों में बीयूएमएस की काउंसिलिंग राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) कराएगा। सात जनवरी से 11 तक पंजीयन होंगे फिर सिक्योरिटी राशि जमा होगी। 14 को राज्य स्तरीय मेरिट जारी होगी। 15 व 16 को कॉलेज विकल्प भरे जाएंगे और 17 को सीट आवंटन होगा। 18 से 21 तक नोडल सेंटरों पर मूल अभिलेखों का सत्यापन होगा। 24 को आवंटन पत्र जारी होंगे और इसी दिन सीट अपग्रेडेशन के आवेदन होंगे। 25 को परिणाम जारी होने के बाद 27 तक सभी को दाखिला लेना होगा। काउंसिलिंग प्रक्रिया होम्योपैथिक निदेशक प्रो. अरविंद कुमार वर्मा की देखरेख में होगी। कहां कितनी हैं सीटें आठ राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों में बीएएमएस की 502 हैं। निजी कॉलेजों में 5010 सीटें थी, मानक पूरे नहीं होने से अभी तक सिर्फ 3400 सीटों पर दाखिले होंगे। होम्योपैथिक के नौ राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 826 और दो निजी कॉलेजों में दो सौ सीटें हैं। दो राजकीय यूनानी कॉलेज में 128 और निजी क्षेत्र के 18 कॉलेजों में 670 सीटों हैं। सत्यापन की बहुस्तरीय व्यवस्था पिछले सत्र में दाखिले के दौरान हुई हेराफेरी की वजह से तत्कालीन काउंसिलिंग प्रभारी व आयुर्वेदिक निदेशक प्रो. एसएन सिंह को जेल जाना पड़ा। मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। इस वजह



से इस बार जिम्मेदारी एनआईसी को दी गई है। यही एमबीबीएस की काउंसिलिंग कराती है। इसी तरह प्रमाण पत्रों के सत्यापन की बहुस्तरीय व्यवस्था बनाई गई है। अभ्यर्थियों के आधार कार्ड से ऑनलाइन सत्यापन होगा। एनआईसी की ओर से श्रीट्रान इंडिया सत्यापन करेगी। इसके बाद नोडल सेंटरों पर सत्यापन होगा। फिर कॉलेज पहुंचने पर टीम भी सत्यापन करेगी। दाखिले के लिए जारी पत्र का सत्यापन करने के बाद दाखिला होगा। काउंसिलिंग के लिए बनी कमेटी काउंसिलिंग के लिए बनी कमेटी में आयुष विभाग के विशेष सचिव सुखलाल भारती अध्यक्ष एवं होम्योपैथिक निदेशक प्रो. अरविंद कुमार वर्मा सचिव बनाए गए हैं। आयुर्वेद प्रतिनिधि के रूप में राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज झांसी के प्रधानाचार्य प्रो. रवि प्रकाश और यूनानी निदेशालय एवं दो निजी कॉलेजों के प्रतिनिधि भी कमेटी में शामिल हैं। वहीं, पीजी काउंसिलिंग के लिए विशेष सचिव सुखलाल भारती को अध्यक्ष और आयुर्वेद निदेशक प्रो. पीसी सक्सेना को कमेटी का सचिव बनाया गया है। तीनों विधाओं के प्रतिनिधियों एवं निजी कॉलेज के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे।

# डीजीपी संग पहुंचे मुख्य सचिव ने परखी माघ मेले की तैयारी : समय से काम पूरा करने की दी हिदायत

प्रयागराज ब्यूरो : प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मंगलवार को प्रयागराज पहुंचकर माघ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कई सेक्टरों में जाकर तैयारियां देखी और आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने समय से काम पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि मेले में किसी भी श्रद्धालु और संत को दिक्कत न हो, इस तरह की व्यवस्था की जाए। इसके पूर्व उन्होंने लेटे हनुमानजी का दर्शन पूजन किया और आरती भी उतारी। उनके साथ डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान भी रहे। बता दे कि तीन दिन बाद छह जनवरी को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ ही माघ मेला आरंभ हो जाएगा। इससे पहले मुख्य सचिव तैयारियों को परखने के लिए पहुंचे। मुख्य सचिव के आगमन से पहले सोमवार को मेला प्रशासन दिन भर होमवर्क में जुटा रहा। मेलाधिकारी अरविंद चौहान ने वेंडरों के साथ शिविरों की बसावट की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने स्नान पर्व से पहले हर हाल में धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ ही संतों और तीर्थपुरोहितों के शिविरों को स्थापित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में सुस्ती और ढिलाई के लिए संबंधित विभागों को मैन पावर बढ़ाने की हिदायत दी। ताकि, काम समय से पूरा कराया जा सके। उधर, माघ मेले में कल्पवासियों के आने का सिलसिला जारी है। सेक्टर पांच में ओल्डजीटी के पास शिविर न लग पाने की वजह से सोमवार को पहुंचे तमाम कल्पवासी कड़ाके की ठंड में खुले आसमान में नीचे भटकते नजर आए। अभी गाटा मार्गों पर मेला बसाने की रफ्तार बेहद सुस्त है। भूमि आवंटन के बाद भी गाटा मार्गों पर तीर्थपुरोहितों के शिविर नहीं लग सके हैं। काली मार्ग और तुलसी मार्ग की हालत सबसे खस्ता है। काली मार्ग पर चकर्ड प्लेटों की क्लेंपिंग क जगह खुली होने से हादसों कीआशंका बनी हुई है। इसी तरह विद्युतीकरण का भी हाल बुरा है। काली मार्ग और संगम



मार्ग पर प्रत्येक एक खंभे को छोड़कर एलईडी लाइट लगाई गई है। इस वजह रात को इन मार्गों पर आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह तुलसी मार्ग पर रेलवे पुल के नीचे भी एलईडी न लगने से अंधेरा हो जा रहा है। समतलीकरण न होने से नाराज संतों ने सेक्टर तीन के कार्यालय में मचाया हंगामा समतलीकरण के लिए ट्रैक्टर न मिलने और दलदल पाटने के लिए बालू न मिलने से नाराज संतों ने सोमवार की सुबह सेक्टर–तीन के कार्यालय में जमकर हंगामा किया। खाक चौक के संतों ने सेक्टर के अधिकारियों, कर्मचारियों को खूब खरी–खोटी सुनाई। माहौल गरम होने के बाद आनन–फानन में समतलीकरण कराने के लिए ट्रैक्टर भेजा गया , तब जाकर मामला शांत हो सका। गंगा–गीता और गो माता के संरक्षण का दिया संदेश अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम ने सोमवार को गंगा, गीता और गो सरंक्षण पर जोर दिया। सेक्टर पांच स्थित चरखी–दादरी के शिविर में उन्होंने दंडी संन्यासियों और कल्पवासियों के साथ परिचर्चा में कल्पवास के कठिन नियमों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गो माता के साथ ही गीता और गंगा की महिमा पर रोशनी डाली।

## एमए के छात्र को किया अगवा : पिस्टल सटाकर पीटा : चार खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रयागराज ब्यूरो : कर्नलगंज में एमए के छात्र आशुतोष शुक्ला (20) को अगवा कर लिया गया। कछार में ले जाकर अपहर्ताओं ने उसे पिस्टल सटाकर पीटा और गोली मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। आशुतोष ताराचंद छात्रावास में रहता है और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एमए मॉस कम्युनिकेशन का छात्र है। उसने बताया कि सोमवार को वह एलनगंज में चाय पीने गया था। आरोप है कि इसी दौरान एलनगंज में रहने वाला ललित दुबे व उसके तीन अन्य साथी पांच–छह अज्ञात संग आ धमका। इसके बाद उसे पिस्टल दिखाकर पीटते हुए बाइक समेत बघाड़ा कछार में ले गए। वहां उसे जमकर पीटा और शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद हमलावर भाग निकले। कछार से निकलकर उसने सूचना दी तो 112 नंबर पुलिस पहुंची। जानकारी मिलने पर एसीपी राजेश कुमार यादव, कर्नलगंज इंस्पेक्टर राममोहन राय भी आ गए। भुक्तभोगी को विवि चौकी ले जाया गया, जहां उससे घटना के बाबत पूछताछ की गई। एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि भुक्तभोगी ने ललित दुबे समेत तीन अन्य नाम बताए हैं। इसके साथ ही बताया कि हमलावरों में छह अज्ञात भी शामिल थे। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। तीन दिन पहले हुए विवाद में घटना भुक्तभोगी ने बताया कि घटना तीन दिन पहले हुए विवाद को लेकर अंजाम



दी गई। उसने बताया कि लल्ला चुंगी चौराहे के पास स्थित समोसे की दुकान पर आए दिन कुछ युवक नाश्ता करने आते थे। पैसे मांगने पर खुद को तारांचद छात्रावास का अंतःवासी बताकर धमकी देते थे। 30 दिसंबर को भी उन्होंने ऐसा ही किया, जिस पर दुकानदार ने छात्रावास में ही रहने वाले उसके सीनियर वेद शुक्ला को जानकारी दी। जिस पर वेद के साथ ही वह और उसके साथी पहुंचे। यह पूछने पर कि वह हॉस्टल को क्यों बदनाम कर रहे हैं, दबंगई दिखाने वाले युवक धमकाते हुए भाग निकले।

# नव वर्ष मे जनता पुलिस मित्र एकता की मिसाल कायम करता विशाल भंडारा कंबल वितरण कार्यक्रम

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर कानपुर प्रशासन तथा घंटाघर सुतर खाना व्यापार मंडल श्री राम सेवा समितिव कानपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नव वर्ष के उपलक्ष में जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सत्यदेव पचौरी ने हिस्सा लिया,कंबल वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल मिलने से चेहरे पर खुशी नजर आ रही थी, कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज बाजपेई ने पुलिस उपायुक्त तेज प्रताप सिंह व शिवाजी एडीसीपी ला एंड आर्डर राहुल मिठास ,अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी मनीष चंद सोनकर एसीपी तेज बहादुर सिंह, इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह संजीव दीक्षित आर जे गौतम विनीत चौधरी आदि अतिथियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया, इस मौके पर




सभी ने मनोज बाजपेई को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार सरस बाजपेई अवनीश दीक्षित कुशाग्र पांडे गौरव त्रिवेदी सुनील सिंह शुभम मिश्रा चंद्रेश दीक्षित श्रवण गुप्ता नितिन सिंह सुनील सिंह तथा, जनता व गणमान्य लोगों में श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर घंटाघर परिवार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## विश्व ब्राह्मण महासभा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : विश्व ब्राह्मण महासभा के कानपुर कार्यालय में महासभा के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक सभा आयोजित की। यहां भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र शुक्ला ने कहा कि नरेंद्र मोदी के रूप में मां हीराबेन मोदी ने राष्ट्र को एक कोहिनूर हीरा दिया जिसकी चमक आज सारी दुनिया को दिखाई दे रही है। प्रदेश संयोजक शैलेंद्र पांडे ने कहा कि मां हीराबेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को "काम करो बुद्धि से जीवन जियो शुद्धि से" का मूल मंत्र दिया और उसी मूल मंत्र को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी ईमानदारी और कर्मठता के साथ राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभा रहे हैं और उनके नेतृत्व में भारत मजबूती के साथ वैश्विक पटल पर दिखाई पड़ रहा है। श्रद्धांजलि समर्पित करने वालों में मुख्य रूप से विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र शुक्ला, प्रदेश संयोजक




शैलेंद्र पांडे सैलू, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा रचना द्विवेदी, निर्मला पांडे, उपेंद्र मिश्रा, संघप्रिय प्रजापति , सुमित कुमार मिश्रा अचिन अरोड़ा, प्रवीण सिंह चंदेल मालती पासवान, सीमा शुक्ला, राखी विज, साधना तिवारी सौरभ श्रीवास्तव, सोमिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ जवान ने पुलिसकर्मियों पर तानी राइफल : पिता को बंधक बनाकर कर रहा था गालीगलौज

प्रयागराज ब्यूरो : रसूलाबाद में नशे में धुत सीआरपीएफ जवान राजेंद्र कुमार पांडेय ने पुलिसकर्मियों पर राइफल तान दी। इसके बाद धमकी देते हुए भाग निकला। वह अपने ही पिता को बंधक बनाकर गालीगलौज कर रहा था। इसी सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बद्री आवास कॉलोनी निवासी मूल सजीवन पांडेय रिटायरकर्मी हैं। उनका बेटा राजेंद्र सीआरपीएफ में छत्तीसगढ़ में तैनात है। पिछले दिनों वह छुट्टी लेकर घर आया था। एक दिन पहले पुलिस को मूलसजीवन ने सूचना दी कि उनका बेटा नशे में धुत होकर उनसे गालीगलौज कर रहा है। चौकी इंचार्ज अनिल भगत व सिपाही मौके पर पहुंचे तो आरोपी अपने पिता को राइफल दिखाकर घेरे हुए था और गालीगलौज कर रहा था। रोकने पर पुलिसकर्मियों से ही धक्कामुक्की शुरू कर दी और विरोध पर हमला कर दिया। वह राइफल दिखाकर धमकाते हुए सड़क पर आ गया। इससे मोहल्ले में दहशत फैल गई। उधर मौका पाकर आरोपी राइफल लेकर भाग निकला। सूचना पर थाने की फोर्स भी आ गई और घंटों उसकी तलाश में जुटी रही लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शिवकुटी एसओ मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पता चला है कि आरोपी ने छत्तीसगढ़ पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन कर ली है। सीआरपीएफ अफसरों को रिपोर्ट भेज दी गई है। जमीन के बंटवारे को लेकर था विवाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को पूछताछ में पिता ने बताया कि आरोपी बेटा आए दिन बंटवारे को लेकर विवाद करता था। वह जमीन अपने नाम करने को दबाव बना रहा था। शराब पीकर रोजाना गालीगलौज करता था। घटना वाले दिन भी गालियां दे रहा था। विरोध पर लाइसेंसी राइफल निकाल लाया और गोली मारने की धमकी देने लगा।

# महत्वपूर्ण भर्तियों को कैलेंडर में नहीं मिली जगह : आयोग और शासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से जारी वर्ष 2023 के कैलेंडर में महत्वपूर्ण भर्तियों को जगह नहीं मिल सकी। इनमें एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती, अपर निजी सचिव (एपीएस) भर्ती, समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) भर्ती आदि शामिल हैं, जबकि आयोग को इन भर्तियों के लिए पदों का अधियाचन मिल चुका है। महत्वपूर्ण भर्तियों को कैलेंडर में शामिल न किए जाने पर प्रतियोगी छात्रों ने यूपीपीएससी और शासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। आयोग को एलटी ग्रेड शिक्षक के 5418 पदों का अधियाचन मिल चुका है। इनमें पुरुष वर्ग के 3341 और महिला वर्ग के 2077 पद शामिल हैं। इसी तरह प्रवक्ता के तकरीबन 400 पदों का अधियाचन मिल चुका है, जिनमें पुरुष वर्ग के 400 और महिला वर्ग के 120 पद हैं। इसके अलावा अपर निजी सचिव के 300 से अधिक पदों का अधियाचन भी आयोग को मिल चुका है। आरओ/एआरओ के नए पदों का अधिचायन भी आयोग को प्राप्त हो चुका है। इसके बावजूद आयोग के वार्षिक परीक्षा कैलेंडर में इनमें से किसी भर्ती को जगह नहीं दी गई। समकक्ष अर्हता स्पष्ट न होने के कारण एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती अटकी हुई है। आयोग ने महीनों पहले समकक्ष अर्हता पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए शासन को पत्र लिखा था। सूत्रों का कहना है कि अब तक स्थिति स्पष्ट न होने के कारण इस भर्ती को कैलेंडर में शामिल नहीं किया गया। वहीं, अपर निजी सचिव की सेवा नियमावली में संशोधन का काम भी अटका हुआ है और इसी वजह से पद रिक्त होने के बावजूद नई भर्ती शुरू नहीं हो पा रही है। इसी वजह से एपीएस भर्ती को भी कैलेंडर में जगह नहीं मिली। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय का कहना है कि आयोग और शासन दोनों ही बेरोजगारों की समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं। बहुत ही छोटे कारणों से भर्तियां अटकी हुईं हैं, जिनका निराकरण आयोग और शासन स्तर पर एक सप्ताह के भीतर किया जा सकता है। सिर्फ औपचारिकता के लिए जारी किया कैलेंडर प्रतियोगी छात्रों का कहना है कि आयोग ने सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर जारी किया। युवा मंच के बैनर तले सलोरी में सोमवार को हुई सभा में प्रतियोगी छात्रों ने कहा कि चिकित्साधिकारी, आयुर्वेद (स्क्रीनिंग) परीक्षा–2022, सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य) परीक्षा–2022, पीसीएस जे–2022 और खान निरीक्षक (मुख्य) परीक्षा–2022 की तिथि पहले से निर्धारित है। कैलेंडर में नई भर्ती परीक्षा के रूप में सिर्फ पीसीएस–2023 और एसीएफ/आरएफओ–2023 को शामिल किया गया है। इसके अलावा कैलेंडर में वर्ष 2023 की कोई नई परीक्षा शामिल नहीं की गई है। बैठक में राजेश सचान, अनिल सिंह, अंबरीश चतुर्वेदी, मान सिंह, पीएस परिहार, राहुल सिंह, विपिन तिवारी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ नव वर्ष का किया शुभारंभ

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : नव वर्ष के मौके पर दामोदर नगर बर्रा स्थित वृद्ध आश्रम में तमाम रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस दौरान समाजसेवी श्री धर्मेंद्र शुक्ला राष्ट्रीय





सचिव विश्व ब्राह्मण महासभा व उनके साथ प्रदेश मंत्री उपेंद्र मिश्रा, प्रदेश संयोजक शैलेंद्र पांडे, महिला मोर्चा की निर्मला पांडे, रचना द्विवेदी, सीमा शुक्ला, पूनम ओझा आदि ने वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के साथ केक काट मिठाईयां बांटकर नया वर्ष मनाया इस मौके पर माता पिता से प्रेरित गीतों व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया मौके पर मौजूद तमाम समाजसेवियों के साथ विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र शुक्ला ने सभी को धन्यवाद दिया।

# नए साल का जश्न महिलाओं ने बुजुर्गो संग मनाया

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : नमो नमो क्रांति फाउंडेशन द्वारा जिला कानपुर नगर के दामोदर नगर स्थित वृद्धाश्रम मे नववर्ष महिलाओं ने मनाया बुजुर्गो के साथ और उनका आशिर्वाद भी प्राप्त किया। अध्यक्ष गीता गुप्ता जी ने कहा प्रत्येक मानव की





प्राथमिकता सर्वप्रथम अपने माता–पिता की देखभाल, सम्मान होनी चाहिए। उन्हें आहत या अनदेखी नहीं करनी चाहिए। यदि वे संतुष्ट रहेंगे तो उनके आशीर्वाद से ही हमारा आने वाला भविष्य सुखमय हो जाएगा। अतः आज से ही हम प्रण लें कि माता–पिता या किसी भी वृद्ध का दिल नहीं दुखाएंगे, उन्हें उचित सम्मान देंगे। हर एक मानव का जन्म ही एक न एक दिन बुजुर्ग होने के लिए हुआ है। किसी पर आश्रित होना ही है। अतः यह अहसास नहीं होने देना है कि वे वृद्ध। शैलेंद्र पांडे जी, करिश्मा जी,निर्मला पांडे जी,अनीता जी,इकबाल कौर जी,प्रीति जी, सीमा जी,बलबीर जी आदि बहुत से भाई बहन उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।